Total Pages—3

**PG/IVS/HIN-401/14**

## M.A. 4th Semester Examination, 2014

## HINDI

PAPER – HIN-401

*Full Marks* : 40

*Time* : 2 hours

*The figures in the right hand margin indicate marks*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable*

*Illustrate the answers wherever necessary*

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं *दो* की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8 × 2

(क) ऐसी बालिकाओं का जीवन खतरे से खाली नहीं रहता । कभी वे मूल्य देकर खरीदी जाती हैं और कभी बिना मूल्य के गायब कर दी जाती हैं । कभी वे निराश होकर आत्महत्या कर लेती हैं और कभी शराबी ही नशे में उन्हें जीवन से मुक्त कर देते हैं ।

( *Turn Over* )

(*ख*) यहाँ लोग हिम्मत हारकर-अपने को छोड़ दिया है . .. अब जो हो ! क्या चारा है ! हर आदमी के चेहरे पर मौत की छाया, जिसे देखकर अब वे डरते नहीं । डर-भय, सुख-दुख, भूख-प्यास, हँसी-रुदन कुछ भी नहीं ।

(*ग*) यात्रियों ने बहुत से ऐसे जंगलियों का हाल लिखा है जो रास्ते में पत्थर की ठोकर लगने पर बिना उसके चूर-चूर किए आगे नहीं बढ़ते । अधिक अभ्यास के कारण यदि कोई मनोविकार बहुत प्रबल पड़ जाता है, तो वह अन्तः प्रकृति में अव्यवस्था उत्पन्न कर मनुष्य को बचपन से मिलती-जुलती अवस्था में ले जाकर पटक देता है ।

(*घ*) बड़ी हद तक ज्ञान-विज्ञान की उपलब्धि के बाद इस ब्राह्मण का पतन शुरू हुआ । उसने राजसत्ता और अर्थसत्ता से समझौता किया । सामन्त की प्रशंसा के छन्द लिखकर स्वर्ण मुद्रा पाने लगा और वणिक का शनि उतारने के लिए अनुष्ठान करके द्रव्य लेने लगा । पर साधारण विप्र फिर भी पूज्य, परंतु गरीब और भिखमंगा रहा ।

2. किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 12 × 2

(*क*) एक श्रेष्ठ आत्मकथा के रूप में 'मेरी जीवन यात्रा' की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(*ख*) भक्तिन के स्वभाव पर प्रकाश डालिए ।

(*ग*) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार आनन्द की साधना-वस्था क्या है ? — सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(*घ*) रिपोर्ताज विधा की विशेषताओं के आधार पर 'बाढ़ : 1975' रिपोर्ताज की समीक्षा कीजिए ।